
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 46 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
कठघरे में सभ्यता



देहरादून, बृहस्पतिवार, 14 मई 2020

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 19.0°

32008.61

2 चीन में संक्रमितों की तादाद 6 लाख पार

7 चहल जोकर और बुमराह रहस्यमयी

## संक्षिप्त समाचार

### तबलीगी जमात के विदेशी लोगों पर ऐक्शन, करीब 700 का पासपोर्ट जब्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस लॉकडाउन के बीच तबलीगी जमात के विदेशी सदस्यों को पुलिस ने झटका दिया है। कोरोना का क्वॉरंटाइन पूरा कर चुके इन लोगों के पासपोर्ट और बाकी ट्रेवल डॉक्यूमेंट जब्त कर लिए गए हैं। मामले की जांच कर रही दि पुलिस इनसे पूछताछ करेगी। तबलीगी जमात से जुड़े हजारों लोगों ने हाल ही में अपना कोरोना क्वारंटाइन पूरा किया था। फिलहाल इन विदेशी जमातियों के पासपोर्ट और ट्रेवल डॉक्यूमेंट जब्त किए गए हैं। फिलहाल ये देश नहीं छोड़ सकते।

### एयर इंडिया की 19 से स्पेशल घरेलू उड़ाने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चेन्नै। देश में जगह–जगह फंसे लोगों को घर तक पहुंचाने में मदद के लिए एयर इंडिया 19 मई से 2 जून के बीच स्पेशल डोमेस्टिक फ्लाइट शुरू करने जा रही है। इनमें से ज्यादातर फ्लाइट्स दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और बेंगलुरू से होंगी। चेन्नै के लिए एक फ्लाइट होगी। यह होगी कोच्चि–चेन्नै फ्लाइट जो 19 तारीख को चलेगी। दिल्ली के लिए 173, मुंबई के लिए 40, हैदराबाद के लिए 25 और कोच्चि के लिए 12 फ्लाइटें होंगी।

### सज्जन कुमार को सुप्रीम कोर्ट से 'सुप्रीम' झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट से 84 दंगे मामले में दोषी सज्जन कुमार को राहत नहीं मिली। उम्रकैद की सजा काट रहे सज्जन कुमार की मेडिकल ग्राउंड पर अंतरिम जमानत देने की गुहार सुप्रीम कोर्ट ने ठुकरा दिया और कहा कि वह रेग्युलर बेल पर जुलाई में सुनवाई करेगा। मामले की सुनवाई के दौरान सज्जन कुमार के वकील विकास सिंह ने दलील दी कि सज्जन कुमार की उम्र 70 साल से ऊपर है और वह तमाम तरह की बीमारियों से ग्रसित हैं उन्हें डायबिटीज भी है।

# मजबूती के लिए छह कदमों का ऐलान

### टीडीएस रेट में 25 प्रतिशत की भारी कटौती

## सरकार ने रियल स्टेट, एमएसएमइ, एनबीएफसी सेक्टर्स को दी बड़ी राहत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सरकार ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को मजबूती के लिए 3 लाख करोड़ रुपये के कोलैटरल फ्री ऑटोमैटिक लोन देने का ऐलान किया है। वित्त मंत्री निर्माल सीतारमण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी देते हुए बताया कि एमएसएमइ कुटिर उद्योगों और गृह उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए छह नए कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि एमएसमई सेक्टर के लिए 4 हजार करोड़ रुपये की क्रेडिट गारंटी दी जाएगी जिससे 2 लाख कंपनियों को फायदा होगा।

**1. एमएसएमई और बिजनस के लिए 3 लाख करोड़ रुपये के लिए कोलैटरल फ्री ऑटोमैटिक लोन, 100 प्रतिशतः** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, कुटिर उद्योग और गृह उद्योग मिलकर 12 करोड़ से ज्यादा लोगों को रोजगार देते हैं। इनके लिए 3 लाख करोड़ रुपये का कोलैटरल फ्री ऑटोमैटिक लोन का प्रवाधान किया गया है। किसी को अपनी ओर से किसी तरह की गारंटी देने की जरूरत नहीं है। समयसीमा भी चार वर्ष की होगी। पहले एक वर्ष में मूलधन वापस नहीं करना पड़ेगा। 31 अक्टूबर, 2020 से इस स्कीम का फायदा उठाया जा सकता है। इस योजना का लाभ लेकर 45 लाख यूनिट बिजनस ऐक्टिविटी दोबारा शुरू कर सकते हैं और उनके यहां नौकरियां बचाई जा सकती हैं।

2. एमएसएमई के लिए 20 हजार करोड़ रुपये का सबॉर्डिनेट डेट

**3.** एमएसएमई फंड ऑफ फंड्स के जरिए 50 हजार करोड़ रुपये का इक्विटी इन्फ्यूजन

**4. एमएसएमइ की परिभाषा बदली गईः** ये बदलाव मैन्युफैक्चिरिंग और सर्विस, दोनों इडंस्ट्रीज पर लागू होंगे। 1 करोड़ रुपये तक निवेश करके 5 करोड़ तक का व्यापार करने वाली इंडस्ट्री सूक्ष्म 10 करोड़ तक का निवेश और 50 करोड़ तक व्यापार करने वाली इंडस्ट्री लघु। जबकि 20 करोड़ तक का निवेश और 100 करोड़ रुपये तक का व्यापार करने वाली इंडस्ट्री मध्यम कहलाएगी। 5. 200 करोड़ रुपये के लिए ग्लोबल टेंडर की अनुमति नहीं। 200 करोड़ रुपये तक की सरकारी खरीद में ग्लोबल टेंडर की अनुमति नहीं होगी।

**6. अन्य उपायः** एमएसएमइ को ई–मार्केट लिंकेज किया जाएगा। ट्रेड फेयर में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के पास उनका बकाया है तो अगले 45 दिनों में बकाया भुगतान करवाने की कोशिश की जाएगी।



### लोकल ब्रांड को ग्लोबल बनाना आत्मनिर्भर भारत मिशन का पार्ट

वित्त मंत्री ने 20 लाख करोड़ रुपये के आर्थिक पैकेज के बारे में कहा कि सभी पक्षों से बातचीत के बाद यह पैकेज तैयार हुआ है। सीतारमण ने कहा कि पैकेज में इंडस्ट्री का ध्यान रखा गया। उन्होंने कहा कि ग्रोथ में तेजी लाने के लिए यह पैकेज जरूरी था। उन्होंने अपने प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत आत्म–निर्भर भारत अभियान के साथ की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश के सामने आत्मनिर्भर भारत का विजन पेश किया। वित्त मंत्री ने विश्वास जताया कि इस पैकेज से भारत आत्म–निर्भर बनेगा। वित्त मंत्री ने बताया कि लोकल ब्रांड को ग्लोबल बनाना आत्मनिर्भर भारत मिशन का पार्ट है।

# अब लोकल की ओर बढ़ चला देश

## आत्मनिर्भर भारतः गृह मंत्री अमित शाह का ऐलान

**संवाददाता**

नई दिल्ली। आत्मनिर्भर भारत अभियान को शुरू करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने अहम ऐलान किया है। शाह ने ट्वीट किया कि अब सेन्ट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज यानी सीएपीएफ के कैंटीनों में सिर्फ स्वदेशी सामानों की बिक्री होगी। नया नियम 1 जून से यानी अगले महीने से लागू होगा। उन्होंने देशवासियों से भी देश में बने उत्पादों को अधिक से अधिक इस्तेमाल करने की अपील की है।

गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया, मैं देश की जनता से भी अपील करता हूं कि आप देश में बने उत्पादों को अधिक से अधिक उपयोग में लाएं व अन्य लोगों को भी इसके प्रति प्रोत्साहित करें। हर भारतीय अगर भारत में बने उत्पादों (स्वदेशी) का उपयोग करने का संकल्प ले तो 5 वर्षों में देश का लोकतंत्र आत्मनिर्भर बन सकता है।

शाह ने बताया कि गृह मंत्रालय ने बुधवार को फैसला लिया कि अब सीएपीएफ के कैंटीनों में देश में बने उत्पादों की ही बिक्री की जाएगी। उन्होंने ट्वीट किया, इसी दिशा में बुधवार को गृह मंत्रालय ने यह निर्णय लिया है कि सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की कैंटीनों पर अब सिर्फ स्वदेशी उत्पादों की ही बिक्री होगी।

### 1 जून से सभी सीएपीएफ कैंटीनों पर यह लागू होगा

01 जून 2020 से देशभर की सभी सीएपीएफ कैंटीनों पर यह लागू होगा। इससे लगभग 10 लाख सीएपीएफ कर्मियों के 50 लाख परिजन स्वदेशी उपयोग करेंगे। एक दिन पहले ही मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित करते हुए आत्मनिर्भर भारत अभियान की अपील की थी। इसके लिए उन्होंने 20 लाख करोड़ रुपये के महा पैकेज का भी ऐलान किया। पीएम ने देशवासियों से लोकल पर वोकल होने की अपील की थी।

# महानिदेशक सूचना ने किया भ्रामक एवं तथ्यहीन खबरों का खडंन

**संवाददाता**

देहरादून। महानिदेशक, सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग डॉ मेहरबान सिंह बिष्ट ने कहा है कि कल उनके संज्ञान में आया कि दून में मीडिया का एक वर्ग, उत्तराखंड के प्रवासियों को विशेष ट्रेनों के माध्यम से सूरत से उत्तराखण्ड लाए जाने के मुद्दे पर राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए एक झूठा, स्वार्थ से प्रेरित और आधारहीन अभियान चला रहा है। उन झूठी, आधारहीन और जानबुझकर फैलायी गई रिपोर्टों का, बाद में उत्तराखण्ड सरकार के प्रति विद्वेषपूर्ण रवैया रखने वाले कुछ लोगों द्वारा इस्तेमाल किया गया।

इन तत्वों ने इन रिपोर्टों का उपयोग करते हुए सोशल मीडिया पर एक कुटिल अभियान शुरू किया और आरोप लगाया गया कि सूरत से विशेष रेलगाड़ियों को चलाने के लिए भारतीय रेलवे को भुगतान उत्तराखंड सरकार द्वारा नहीं किया गया था।

राज्य सरकार के सूचना और संवाद के प्रभारी के रूप में, उन्होंने सभी जानकारी को सार्वजनिक डोमेन में रखना आवश्यक समझा और रेलवे बोर्ड और उत्तराखंड सरकार के बीच पत्र व्यवहार की प्रतियों के साथ ही राज्य सरकार द्वारा रेलवे को किए गए भुगतान के विवरण को साझा किया। इस जानकारी को बाद में विभिन्न मीडिया प्लेटफार्मों द्वारा उठाया गया था। इससे विवाद को खत्म करने मे सफलता मिली।

महानिदेशक डॉ मेहरबान सिंह बिष्ट ने सभी समाचार प्लेटफार्मों की सफलता की कामना करते हुए उन्हें उत्तराखंड के सूचना विभाग के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि इन कठिन समय में सकारात्मकता फैलाने की दिशा में काम करने की आवश्यकता है।



### सही सूचनाओं को साझा करते रहेंगेः डीजी

डॉ बिष्ट ने कहा कि महानिदेशक सूचना के रूप में, वे भविष्य में भी सही सूचनाओं को साझा करते रहेंगे। हर जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी ताकि कतिपय तत्व, मीडिया और सोशल मीडिया में झूठी और गलत खबर का अभियान न चला सकें।

# महाराष्ट्र पुलिस को आराम की जरूरत

### कोरोना, ईद...महाराष्ट्र ने केंद्र से मांगे अर्धसैनिक बल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। महाराष्ट्र में शांति, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य सरकार ने केंद्र से मदद मांगी है। गृहमंत्री ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर राज्य की पुलिस की मदद के लिए 20 कंपनी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की मांग की है।

गृहमंत्री अनिल देशमुख ने कहा कि कोरोना महामारी और इसके प्रसार को रोकने के लिए किए गए लॉकडाउन का पालन कराने के लिए पुलिस दिनरात मेहनत कर रही है। पुलिस इन दिनों बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में काम कर रही हैं। अभी रमजान चल रहा है और ईद आने वाली है। हम नहीं चाहते हैं कि पुलिस काम के बोझ तले दबे और घबरा जाए इसलिए केंद्र से मदद मांगी गई है।

गृह मंत्री ने कहा, महाराष्ट्र के कई पुलिसकर्मी कोविड–19 की चपेट में आ चुके हैं। वे लगातार कोरोना पाजिटिव हो रहे हैं।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in